सार-समाचार

चतुर्थ श्रेणी भर्ती के दस्तावेज सत्यापन जारी

चूरू (निसं)। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के तहत दस्तावेज सत्यापन और पात्रता जांच कार्य जिला मुख्यालय पर 11 मार्च से राजकीय गोयनका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त निदेशक के निर्देशन में चल रही है। बुधवार को हुए सत्यापन में 705 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 45 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जांच के बाद 592 अभ्यर्थियों को पात्र, 99 को प्रोविजनल पात्र तथा 14 अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित किया गया। सहायक निदेशक व सदस्य सचिव प्रमेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 750 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां रजिस्ट्रेशन, टोकन वितरण, प्रवेश व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन कर रही हैं। साथ ही, सत्यापित दस्तावेजों की फाइलों को सावधानीपूर्वक जांच कर डेटा फीडिंग के लिए संग्रहित किया जा रहा है। आवश्यक सुधार और टिप्पणियों की समीक्षा के बाद प्रतिदिन की रिपोर्ट ऑनलाइन निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर को भेजी जा रही है। शर्मा ने बताया कि व्यापक प्रचार-प्रसार के चलते अब अभ्यर्थी पूरी तैयारी के साथ दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं, जिससे सत्यापन कार्य पहले की तुलना में अधिक तेजी से पूरा हो रहा है। संयुक्त निदेशक द्वारा गठित टीम में एडीईओ कमल कुमार, बेधडक बडसरा, विजय धुंधवाल, शिवराज सिंह, धर्मेंद्र मुंड, गोगराज, इरफान अली, देवकरण मीणा, गरीमा चाहर, अशोक शर्मा व आरीफ खान, रामचंद्र जांगिड, विजय मीणा, कुलदीप कुल्हरी, नरेश मीणा, रघुवीर स्वामी, नरेश बडसरा, प्रकाश सैनी, नितेश शर्मा, कुलदीप ढाका, मनोज वर्मा, मुकेश शर्मा, मनमोहन सैनी, विकास शर्मा व अली हसन ने सत्यापन में सहयोगी भूमिका निभाई।

जुआ खेलते रहे चार जने गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। पुलिस थाना हमीरवास टीम ने गांव नीमा के वीरूवाला जोहडा के पास ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की। वहीं पुलिस ने आरोपियों से 222० रुपये नगद, 52 ताश के पत्ते जब्त किये हैं। सोमवार सुबह सवा नौ बजे मिली जानकारी के अनुसार हमीरवास थानाधिकारी रायसिंह सुथार ने बताया कि एएसआई सुभाषचंद्र मय जाब्ता गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि नीमा बस स्टैंड के पास वीरूवाला जोहडे के किनारे चार लोग जुआ खेल रहे हैं। हमीरवास थाना पुलिस टीम मौके पर पहुँची। चारों आरोपी गोल घेरा बनाकर बैठे थे। बीच में प्लास्टिक कट्टे पर रुपये और ताश की ढेरी लगी थी। पुलिस ने घेरा देकर चारों को दबोच लिया। जिनमें देबुराम पुत्र मदनसिंह गुर्जर (45), सुनील पुत्र लालचंद गुर्जर (34), भंवरसिंह पुत्र विलास गुर्जर (46) व सुरेन्द्र पुत्र मेघाराम मेघवाल (46) निवासीगण नीमा पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चारों आरोपियों से कुल 2220 रुपये नगद व 52 ताश के पत्ते जब्त कर चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 13 आरपीजीओ के तहत कार्यवाही की गई। मामले की जांच हैड कांस्टेबल महेन्द्र कुमार 101 को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलना दंडनीय अपराध है।

गौशाला को वाटर कूलर भेंट किया

पाटन (निसं)। नीमकाथाना क्षेत्र में गौ सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। बागेश्वर धाम सेवा समिति, नीमकाथाना द्वारा गणेश्वर स्थित गालव गौशाला समिति की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भीषण गर्मी के मौसम में गौमाताओं के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया गया।समिति के इस सराहनीय कार्य से गौशाला में रह रही गौमाताओं को गर्मी से राहत मिलेगी। विशेष बात यह रही कि समिति के सदस्यों का यह गौशाला में प्रथम आगमन था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने वहां की आवश्यकताओं को समझते हुए तत्परता से यह निर्णय लिया, जो उनकी गौ सेवा के प्रति गहरी आस्था और समर्पण को दर्शाता है।गालव गौशाला समिति, गणेश्वर के सभी सदस्यों ने बागेश्वर धाम सेवा समिति का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार का सहयोग समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे अन्य लोगों को भी गौ सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।समिति ने भगवान एवं गौ माता से प्रार्थना करते हुए बागेश्वर धाम सेवा समिति के सभी सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी जीवन एवं उनके व्यवसाय में निरंतर उन्नित की कामना की। साथ ही यह आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार गौ सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

श्रीमाधोपुर/जयपुर (निसं)। डॉ.भीमराव अंबेडकर सेवा समिति किशनपुरा सांवलपुरा तंवरान श्रीमाधोपुर द्वारा सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करना नमन किया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार चूंदवाल एवं मुख्य वक्ता डॉ. देवीप्रसाद वर्मा प्रोफेसर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समारोह समिति ने क्षेत्र के सबलपुरा, किशनपुरा, भोजमेड चिपलाटा, घाटा आदि के करीब 50 विद्यार्थियों, नीट में चयनित, सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थी, खिलाड़ियों आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर संजय कुमार, डीगराज जोड़ली, किशन नाथजी महाराज, प्रिंसिपल संतोष कुमार, बद्री, जगदीश, विकास, पवन, जगदीश सांवलपुरा, राजकुमार, विजय, हरि, पिंटू, महेंद्र सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

राहुल श्योराण इनकम टैक्स अधिकारी बना

सादुलपुर, (निसं)। चंदगी राम पब्लिक स्कूल बेरासर छोटा के पूर्व छात्र राहुल श्योराण का इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर चयन हुआ है। सोमवार दोपहर सवा एक बजे दी जानकारी के अनुसार इस अवसर पर चंदगी राम संस्थान के अध्यक्ष नरेश संगवान, डॉ. सुमन सांगवान, प्रधानाचार्य नरेश राव, नूतन जांगिड, सोमवीर सिंह, अरविंद कुमार, अमित सांगवान, रामावतार गोदारा ने राहुल की सफलता पर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व छात्र राहुल श्योराण को विद्यालय प्रांगण में साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया तथा छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। राहुल श्योराण का बैरासर छोटा गांव के एक शिक्षित परिवार में लालन पालन हुआ है। तथा अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंदगी राम स्कूल में प्राप्त करते हुए कक्षा 12वीं साइंस में चंदगीराम स्कूल को टॉप किया। राहुल श्योराण ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों एवं चंदगी राम विद्यालय को दिया।

जिला स्तरीय समारोह आज

हनुमानगढ़, (निसं)। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष में जिले में मंगलवार को जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रात: 9:00 बजे हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित अंबेडकर चौक में आयोजित होगा, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण प्रात: 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन भाग लेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आव्हान किया है।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

सीकर, (निसं)। भाजपा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त किए गए हैं। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने यह नियुक्ति की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में डॉ. अर्चना पुरोहित को संयोजक, शारदा काबरा, अनुराधा, भंवरी खोखर, रमा शेखावत, उमा सैनी व राज शर्मा को सहसंयोजक नियुक्त किया है। वहीं युवा संयोजक के पद पर सुमित जोशी, प्रियंका बाजिया, स्नेहा सैनी व कर्मा को नियुक्त किया है।

विद्यार्थियों का संस्थान से निरंतर जुड़ाव बड़ी ताकत : प्रो. ईसराण

- लोहिया महाविद्यालय की पूर्व छात्र परिषद के सम्मेलन में वेबसाइट व एप्प हुए लोकार्पित
- एल्यूमनाई पत्रिका एवं संस्मरण पुस्तक के आवरण का भी विमोचन हुआ

चूरू (निसं)। किसी भी शिक्षण संस्थान का उत्कृष्ट परिचय उसके विद्यार्थी होते हैं। उस संस्थान का स्वरूप विद्यार्थियों का चरित्र भी गढता है। संस्थान से पढकर विद्यार्थी सफल होते हैं तो यह संस्थान की सफलता होती है। वहीं विद्यार्थियों का संस्थान के प्रति प्रेम एवं निरंतर जुड़ाव उस संस्थान की बड़ी ताकत होता है।

उक्त विचार राजकीय लोहिया महाविद्यालय के पूर्व छात्र, पूर्व प्राध्यापक एवं कॉलेज शिक्षा के पूर्व प्राचार्य प्रो. एच. आर. ईसराण ने महाविद्यालय की पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में बीए बैच 1997 द्वारा रविवार को आयोजित एल्यूमनाई मीट अपणायत में व्यक्त किए। प्रो. ईसराण ने कहा कि एक बैच के डेढ सौ के लगभग विद्यार्थी आज लगभग तीस साल बाद परिसर में आए तथा सौ के लगभग विद्यार्थियों आर्थिक सहयोग से एल्यूमनाई की बेवसाइट एवं एप्प का निर्माण बड़ी बात है।

महाविद्यालय निर्माता कन्हैयालाल लोहिया एवं बैच के दिवंगत नौ पूर्व छात्रों के चित्रों पर पुष्पाजंलि से प्रारंभ कार्यक्रम में अतिथियों ने एल्यूमनाई की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एल्यूनाईलोहियाकॉलेज डॉट ओआरजी एवं मोबाइल एप्प का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में एल्यूमनाई की पत्रिका 'अपणायत' के प्रारंभ की रूपरेखा भी मूर्त हुई और प्रवेशांक के कवर का विमोचन हुआ। वहीं महाविद्यालय के संस्मरणों से बुनी गई एल्यूमनाई के प्रभारी डॉ. उम्मेद गोठवाल की किताब 'बोल! मेरी मछली कितना पानी' के आवरण का विमोचन भी हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एल्यूमनाई अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने कहा कि पूर्व छात्र महाविद्यालय की शान हैं और ताकत भी। सफल और कामयाब बने छात्र महाविद्यालय से जुड़े रहते हैं तो जनसहभागिता के विभिन्न काम भी होने में सुविधा रहती है। पूर्व छात्र यहां आएं महाविद्यालय सदैव स्वागत में तैयार है। पूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में मंचासीन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंघल, तहसीलदार सुभाष छींपा, प्राचार्य सुभाष सिहाग, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुरेश चौहान ने भी अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में बैच से जुड़े शिक्षकों का शॉल, साफा, प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रो. एलएन आर्य, प्रो. कमलसिंह कोठारी, प्रो. हिमांशु महला, प्रो. फतेहसिंह चारण, प्रो. अरशद खान, प्रो. ई.ए. हैदरी, प्रो. रजनीरमण झा आदि ने संस्मरण सुनाए। स्वागत एल्यूमनाई प्रभारी डॉ. उम्मेद गोठवाल ने किया। वेबसाइट प्रभारी डॉ. शांतनु डाबी एवं टीम ने वेब प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में बीए बैच 97 के छात्रों का सम्मान किया गया। पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। बीए बैच 97 के 97 छात्रों ने दो हजार प्रति छात्र के हिसाब से एक लाख चौरानवें हजार का चैक एल्यूमनाई अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा को वेबसाइट एप्प निर्माण व्यय के रूप में सौंपा।

कार्यक्रम में 1997 बैच के सोमवीर सरावग, चुन्नीलाल, कपिल पारीक, बनवारी बुरडक, इन्द्राज सरावग, विजय भड़िया, सुरेंद्र सिहाग, धर्मपाल ढकरवाल, आबिद अली, मोहम्मद सलीम, हरिप्रसाद टाक, विजेंद्र बुडानिया, अनुज कुल्हरि, सत्यवीर कालरी, विनोद पूनिया, रामचंद्र प्रजापत, विक्रम राठौड, देवव्रत बुडानिया, कृष्ण ईसराण, बजरंग घिंटाला, सुभाष चंद्र मीणा, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, ओमप्रकाश, खलीलदीन, हरिसिंह सिरसला, रामेश्वर कस्वां, भवंरसिंह महिया, गजानंद नेहरा, जयपाल चाहर, जगरूप सिंह, हेमराज सिहाग, धर्मपाल ज्याणी, डॉ. दुलाराम सहारण के अलावा अन्य बैच के विद्यार्थी रहे प्रो. महावीर सिंह, प्रो. श्रवण सैनी, डॉ. प्रमोद बाजोरिया, रामचंद्र राजोतिया, इस्माइल खान, ईश्वर सिंह लाम्बा, प्रोफेसर केसी सोनी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा, नरेश सागवान, भंवर गुर्जर, रामकुमार खीचड, एडवोकेट अनंतराम सोनी, रियाजत अली खान, पूनम गुप्ता, कमल शर्मा, मोहन सोनी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. हर्ष लाम्बा, डॉ. शमशाद अली, विकास मील, रामगोपाल ईसराण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पूजा प्रजापत ने किया। एल्यूमनाई कोषाध्यक्ष डॉ. सुमेर सिंह ने धन्यवाद व्यक्त किया।

सात साल बाद फैसला : गुढ़ागौड़जी थाना पथराव मामले में 39 आरोपी बरी

- तीन आरोपियों की ट्रायल के दौरान मौत, सबूतों के अभाव में कोर्ट ने निर्दोष माना

झुंझुनूं (निसं)। झुंझुनूं जिले के बहुचर्चित गुढ़ागौडजी थाना पथराव प्रकरण में करीब 7 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 39 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश (विशिष्ट न्यायाधीश, भारतीय विद्युत अधिनियम) ने सबूतों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया।

इस मामले में पुलिस ने वर्ष 2018 में कुल 42 लोगों को नामजद किया था। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान 3 आरोपियों की मृत्यु हो गई, जबकि शेष 39 आरोपियों पर मुकदमा चलता रहा। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 24 गवाह पेश किए गए, लेकिन आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। आरोपी पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शीशराम सैनी ने पैरवी करते हुए अदालत में दलील दी कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव और द्वेष के चलते निर्दोष लोगों को मामले में फंसाया था। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत गवाह और साक्ष्य आरोप सिद्ध करने में नाकाम रहे। अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं कर पाया। ऐसे में साक्ष्यों के अभाव में किसी भी व्यक्ति को दंडित नहीं किया जा सकता, जिसके चलते सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।

नाबालिग के अपहरण के बाद भड़का था मामला:- गौरतलब है कि अगस्त 2018 में गुढ़ागौडजी क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के अपहरण के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था। पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए 14 अगस्त 2018 को ग्रामीणों ने थाने के सामने सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया गया, तो भीड़ उग्र हो गई और थाने पर पथराव कर दिया। इस घटना में तत्कालीन थानाधिकारी अशोक चौधरी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे, जबकि सरकारी वाहनों को भी नुकसान पहुंचा था। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चार्जशीट पेश की थी, जिस पर अब जाकर अदालत ने अंतिम फैसला सुनाया।

सीएमएचओ का उदयपुरवाटी दौरा

झुंझुनूं (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सोमवार को उदयपुरवाटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

सीएमएचओ ने दवा वितरण व्यवस्था एवं विभिन्न जांच योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा जांच सेवाएं बिना बाधा संचालित हों। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

स्वच्छता अभियान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और नागरिक दायित्व का अभिन्न अंग : के.के. गुप्ता

- राजस्थान को देश दुनिया में स्वच्छता का आइकन बनाने अधिकारी और जनता जागे और जगाएं : के.के. गुप्ता

हनुमानगढ़, (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहर 2.0 के तहत नियुक्त प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता द्वारा सोमवार को नगर परिषद सभागार में स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित किया गया। प्रारंभ में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद कमिश्नर द्वारा ब्रांड एंबेसडर गुप्ता का स्वागत किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और नागरिक दायित्व का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने के लिए हमें अपने घर, मोहल्ले और शहर को कचरा-मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। हनुमानगढ़ जिले की जनता की सक्रिय भागीदारी और यहां के अधिकारियों व कर्मचारी की मेहनत और कार्य कुशलता की बदौलत यह जिला राजस्थान का स्वच्छतम जिला बन सकता है। स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प है कि हमारा राज्य समृद्ध और विकसित बने जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान सबसे प्राथमिक कड़ी का कार्य करता है। मुख्यमंत्री महोदय के मार्गदर्शन में गत वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम जिसमें लगभग 30 हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसमें से 8 हजार करोड़ के एमओयू पर काम भी प्रारंभ हो गया है यह राजस्थान के लिए बहुत बड़ा गौरव का विषय है जिसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है इससे राजस्थान समृद्ध और विकसित राजस्थान बनेगा तथा हम सबको मिलकर स्वच्छ राजस्थान बनाना होगा।

पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

नोहर, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती गांव चक सरदारपुरा स्थित आंगनबाडी केंद्र में पोषण पखवाडा के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष पोषण पखवाडे की मुख्य थीम "मस्तिष्क विकास का प्रथम चरण" रही। जिसके माध्यम से बच्चों के शुरुआती मानसिक विकास में सही पोषण की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (नोहर) ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनील कुमार एवं ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि सुभाष चन्द्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श नर्सिंग ऑफिसर दर्शना देवी और सुनीता देवी के कुशल दिशा-निर्देशन में केंद्र पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य गतिविधियां संपन्न हुईं। जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, गर्भवती महिलाओं को ममता कार्ड के महत्व और नियमित जांच की जानकारी दी गई। बच्चों के वजन और लंबाई की जांच कर कुपोषण के विरुद्ध विस्तृत चर्चा की गई। महिला पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने का आव्हान किया। शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर जोर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्री-स्कूल शिक्षा जागरूकता एवं परामर्श विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बालक के व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने महिला पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता के समर्पण और आंगनबाडी केंद्र द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की खुले मन से प्रशंसा की।

सार-समाचार

अम्बेडकर जयंती पर आयोजन आज

पाटन (निसं)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण संस्थान नीमकाथाना के तत्वावधान में 14 अप्रैल मंगलवार को अम्बेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकर छात्रावास में होगा।संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुबह 8:30 बजे अम्बेडकर छात्रावास से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: छात्रावास पहुंचेगी। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शुरू होगा।समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के तहत आयोजित तीन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया जाएगा।निबंध प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर: प्रथम कशिश बजाज,माध्यमिक स्तर: प्रथम मयंक कुमार वर्मा, द्वितीय हिमांशु, कॉलेज स्तर: प्रथम विजेंद्र कुमार मोयल, द्वितीय संयुक्त रूप से मोहित कुमार वर्मा व बलदेव गोदारा,सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर: प्रथम इरम परवेज, द्वितीय सपना, माध्यमिक स्तर: प्रथम मयंक कुमार, द्वितीय हिमांशु,कॉलेज स्तर: प्रथम विजेंद्र कुमार मोयल, द्वितीय संयुक्त रूप से सुनील महिश, अंकित मरोडिया व कृष्ण धोलीवाल,भाषण प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर: प्रथम आराध्या जजिम, द्वितीय संयुक्त रूप से कशिश बजाज व पुलकित गुप्तामाध्यमिक स्तर: प्रथम चंचल बोरान, द्वितीय संयुक्त रूप से यशस्वी व मयंक, कॉलेज स्तर प्रथम मोनू कुमार, द्वितीय संयुक्त रूप से मोहित कुमार वर्मा होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विहिप विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नोहर प्रवास पर

नोहर, (निसं)। स्थानीय भारतमाता आश्रम में राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मोती सिंह राजपुरोहित का एक दिवसीय नोहर प्रवास के दौरान आगमन हुआ। उनके आश्रम पहुंचने पर धार्मिक एवं सामाजिक माहौल में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोती सिंह राजपुरोहित ने आश्रम के महंत योगी रामनाथ अवधूत से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों के बीच आध्यात्मिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा भी हुई। जिसमें समाज में नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। आश्रम परिवार की ओर से मोती सिंह राजपुरोहित एवं अधिवक्ता श्रवण सिंह राजपुरोहित का पारंपरिक तरीके से दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। यह स्वागत समारोह सादगी एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री काशी राम गोदारा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर को सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए संतों के मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। नोहर प्रवास के दौरान इस प्रकार के कार्यक्रमों ने क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया।

तूड़ी से भरा ट्रक जलकर राख हुआ

नोहर, (निसं)। शहर से निकलते ही कुछ किलोमीटर दूरी पर एक चलते ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रक पशुओं के लिए सूखे चारे से भरा हुआ था। चारे के कारण आग तेजी से फैली और पल भर में पूरा ट्रक आग का बवण्डर बन गया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गनीमत रही कि जैसे ही ड्राइवर को आग का अहसास हुआ, उसने तुरंत ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और दमकल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालांकि तब तक ट्रक और उसमें लदा सारा चारा जलकर राख में तब्दील हो चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई बजरंग लाल तिवाड़ी ने बताया कि तारानगर तहसील के गांव राजपुरा निवासी राकेश पुत्र अर्जुनराम मेघवाल उसका साथी लीलाधर पुत्र महावीर स्वामी ट्रक में नोहर से तूड़ी भरकर अपने गांव की गोशाला ले जा रहा था। अचानक आग लगी तो दोनों घबराकर मौके से भाग निकले। राकेश मेघवाल तूड़ी परिवहन का काम करता है।



कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2026/21571075 दिनांक :-13.04.2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतनाम सिंह पुत्र श्री कश्मीर सिंह जाति जट सिख निवासी वार्ड नं.07 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने सैक्टर इन्दा मार्केट भूखण्ड सं. 132 साईज 10'मुणा 15' यानि 150 वर्गफूट की लीजडीड/पट्टा श्री सतनाम सिंह, जैंटलमैन सिंह, श्रीमती छिन्दपाल के नाम से जारी करवाने हेतु दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री कश्मीर सिंह पुत्र श्री जयमल सिंह के नाम से साईज 10'मुणा 15' का जारीशुदा है। श्री कश्मीर सिंह की मृत्यु दिनांक 28.02.2003 को हो चुकी है जिनके जायज वारीस श्रीमती छिन्दपाल पत्नि श्री कश्मीर सिंह, जैंटलमैन, सतनाम सिंह पुत्र श्री कश्मीर सिंह है। उक्त वारिस अपने नाम से लीजडीड/पट्टा जारी करवाना चाहते हैं। अत: उक्त रक्बासंबियक भूखण्ड का लीजडीड/पट्टा जारी करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नही किया जायेगा।

रौलेन्द कुमार गोदरा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर